# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.04.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने मौजूदा जनगणना अभियान में पूर्ण जनभागीदारी की अपील की। कहा– दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा बदलते हुए समय में टेक्नॉलोजी हमारे जिन्दगी का बहुत बड़ा हिस्सा बन गई है।
3. अग्निशमन विभाग द्वारा बाराटांग पेट्रोल पम्प पर मॉक फायर ड्रिल का आयोजन किया गया।
4. राज्य पुस्तकालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस कार्यक्रम का समापन हो गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मोदी ने आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में, मौजूदा जनगणना अभियान को विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान बताया। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। घर–घर जाने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल ऐप है। उन्होंने कहा जिन राज्यों में स्व–गणना का काम पूरा हो गया है, वहां, गणना कर्मचारी द्वारा घरों के सूचीकरण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अब तक लगभग 1 करोड़ 20 लाख परिवारों का मकान सूचीकरण का कार्य पूरा भी हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। आपकी दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहती है, यह गोपनीय रखी जाती है, डिजिटल सुरक्षा के साथ इसे सुरक्षित किया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा तेजी से बदलते हुए समय में टेक्नोलॉजी हमारी ज़िंदगी का बहुत बड़ा हिस्सा बन गई है। आज हम अपने अतीत को वर्तमान से जोड़ने में भी टेक्नोलॉजी का कमाल देख रहें हैं। इस दिशा में हाल ही में एक ऐसा विकास हुआ है जिससे शिक्षा से जुड़े लोग और इतिहास में रुचि रखने वाले बहुत खुश हुए हैं। कुछ दिन पहले ही भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार ने एक विशेष पोर्टल पर

एक अनोखा डेटाबेस शेयर किया है। इस संस्था ने 20 करोड़ से भी ज्यादा अमूल्य दस्तावेजों को digitize कर सार्वजनिक किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारे देश में अब 23 जनवरी, नेताजी सुभाष की जयंती से लेकर 30 जनवरी, गांधी जी की पुण्यतिथि तक गणतंत्र का महोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बीटिंग रिट्रीट गणतंत्र दिवस समारोह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह समारोह अलग–अलग बैंडस की विविध संगीत परंपराओं को दर्शाता है। बीते कुछ सालों से इसमें भारतीय संगीत का समावेश बढ़ा है और ये देश के लोगों को भी बहुत पसंद आ रहा है। इस साल की बीटिंग रिट्रीट समारोह भी बहुत यादगार रही थी। Air Force, Army, Navy और C.A.P.F के बैंडस ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुती दी थी। बीटिंग रिट्रीट का धुन पहली बार वेब्स ओ टी टी WAVES OTT पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

कदमतला पुलिस थाना की ओर से कल क्षेत्र के ग्राम पंचायत सभागार में आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाल तथा एडवेंचर टूर ऑपरेटर ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सांप के काटने पर प्राथमिक उपचार और सी पी आर के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा आपात स्थितियों के लिए समुदाय को तैयार करना था। इस दौरान डॉ. मार्क सिरूर और एरॉन विक्टर फर्नांडिस ने प्रतिभागियों को जीवन रक्षक उपायों की व्यावहारिक जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सांप के काटने की स्थिति में तुरंत किए जाने वाले प्राथमिक उपचार, आवश्यक सावधानियां और पीड़ित को शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के महत्व के बारे में बताया गया। इसके साथ ही, सीपीआर का लाइव प्रदर्शन कर हृदय गति रुकने, डूबने, बेहोशी या सांस लेने में तकलीफ जैसी स्थितियों में सही तरीके से सहायता प्रदान करने की विधि के बारे में भी जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

अग्निशमन विभाग द्वारा बाराटांग स्थित अनिडको पेट्रोल पंप पर एक मॉक फायर ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन प्रतिक्रिया, अग्निशमन क्षमता और स्टाफ के समन्वय का परीक्षण करना था। ड्रिल के दौरान डीजल को भूमिगत टैंक में भरने के समय फ्यूल डिस्पेंसर लाइन में आग लगने की स्थिति का अभ्यास किया गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन दल ने एक मिनट के

भीतर प्रतिक्रिया देते हुए मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन किया। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझाने का कार्य शुरू किया और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इसके बाद आयोजित सत्र में सुरक्षा मानकों, आवश्यक सावधानियों तथा प्राथमिक उपचार और अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई। इस ड्रिल में पेट्रोल पंप के स्टाफ, प्रबंधन और आम लोगों ने भाग लिया। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक या अवैध गतिविधियों की सूचना नजदीकी थाने या हेल्पलाइन नंबर 100, 112 या 03192—273344 पर दें।

<><><><><><><>

वनवासी कल्याण आश्रम, बकुलतला की ओर से युवाओं के लिए चार से छः मई तक तीन दिवसीय आवासीय 'वनवासी युवा शिविर' का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, चरित्र—निर्माण, नेतृत्व कौशल, संगठनात्मक क्षमता, सेवा भावना और राष्ट्रवाद विकसित करना है। प्रतिभागियों को अपने जरूरी सामानों के साथ शिविर में चार मई, शाम तीन बजे उपस्थित रहने को कहा गया है। इसमें दस वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं। पंजीकरण शुल्क सौ रूपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। शिविर के दौरान शारीरिक व्यायाम, समूह गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बौद्धिक सत्र शामिल हैं। पंजीकरण के लिए कमला केरकेट्टा और मनोज बरला से फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम राज्य पुस्तकालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस कार्यक्रम का कल समापन हो गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पठन—पाठन की आदत को बढ़ावा देना तथा पुस्तकों और कॉपीराइट के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस दौरान आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी में लगभग सात सौ दो पुस्तकों को विभिन्न श्रेणियों—उपन्यास, बाल साहित्य, व्यक्तित्व विकास, प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शिका, जीवनी, पाक कला, पौराणिक, फैंटेसी, विज्ञान कथा तथा द्वीपसमूह के इतिहास को प्रदर्शित किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को समारोह के दौरान प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य पुस्तकालय की नोडल अधिकारी व प्राचार्या अर्चना सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों, आगंतुकों, अभिभावकों, पुस्तकालय कर्मियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

निकोबार द्वीप के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं 28 अप्रैल से 01 मई तक संचालित नहीं की जाएगी। प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी के अनुसार बनाएं तथा असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

<><><><><><><>

उत्तर–पूर्वी मानसून की कमी के कारण दक्षिण अंडमान क्षेत्र वर्तमान में पानी की कमी का सामना कर रहा है। द्वीप प्रशासन सभी घरों में निरंतर पाइप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में पेयजल की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिन घरों में बोरवेल और खोदे गए कुएं हैं, उनसे प्रशासन ने अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा जल टैंकरों को अतिरिक्त पानी निकालने की अनुमति देने की अपील की हैं, इच्छुक कुआं मालिक सहयोग के लिए प्रातरापुर और विम्बर्लीगंज कार्यपालक अभियंता, से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, सभी प्रधानों, पंचायत समिति सदस्यों और जिला परिषद सदस्यों से ऐसे बोरवेलों की पहचान करने का अनुरोध किया है। इस बीच, लोक निर्माण विभाग के आयुक्त–सह–सचिव डॉ. सचिन शिंदे ने मुख्य अभियंता और अन्य अधिकारियों के साथ हाल ही में कैडलगंज क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान लगभग 60 लाख लीटर भंडारण क्षमता वाले एक प्राकृतिक तालाब की पहचान की गई। क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बढ़ाने की आवश्यकता को देखते हुए, आयुक्त ने अंडमान लोक निर्माण विभाग को तालाब के पानी को उपचारित करने और इसे कैडलगंज के मौजूदा पेयजल नेटवर्क से जोड़ने का निर्देश दिया। विभाग ने इस स्रोत का उपयोग करने के लिए तुरंत प्रक्रिया शुरू कर दी।

<><><><><><><>